दिनांक–21.08.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया विशेष कार्यबल का गठन। प्रदेश में भी बढ़ेंगे सुरक्षा इंतजाम।
- भारतीय प्रशानिक सेवा के नौ अधिकारियों का तबादला, सुखबीर सिंह बने नए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।
- प्रदेश में मंकीपॉक्स से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश।

**और**

- महिला टी20 विश्व कप अब बांग्लादेश की बजाए संयुक्त अरब अमीरात में होगा।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**डॉक्टर्स सुरक्षा**

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में सोशल मीडिया से पीडिता महिला डाक्टर का नाम, फोटो, और वीडियो हटाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाइस एडमिरल सर्जन आर सरीन, की अध्यक्षता में कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल को तीन सप्ताह के भीतर अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ये कार्यबल ऐसे दिशा–निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे।

प्रदेश सरकार ने भी मेडिकल कॉलेजों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। अब हॉस्पिटल में ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर वहां बिजली या रोशनी का इंतजाम किया जाएगा। डीन और अधीक्षक रात्रिकालीन गश्त भी करेंगे। कम आवाजाही वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

**अधिकारी पदस्थापना**

राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशानिक सेवा के नौ अधिकारियों का तबादला करते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की है। आदेश के अनुसार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को उच्च शिक्षा में प्रमुख सचिव का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही उन्हें उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण विभाग का प्रमुख सचिव भी बनाया गया है। वहीं, उद्यानकी और खाद्य प्रसंस्करण विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा श्रीमन शुक्ल को शहडोल कमिश्नर, एस कृष्ण चैतन्य को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल का मैनेजिंग डायरेक्टर, अवि प्रसाद को रोजगार गारंटी परिषद के सीईओ के पद पर पदस्थ किया गया है। ऋषि गर्ग को राज्य योजना आयोग का सदस्य सचिव बनाया गया है। वहीं, अमित राठौर को वित्त विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है।

**मंत्री–रात्रि विश्राम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रि–परिषद की बैठक में निर्देश दिए है कि मंत्रीगण अपने प्रभार के जिलों में भ्रमण के दौरान एक माह में कम से कम एक बार रात्रि विश्राम अवश्य करें। उन्होंने कहा कि कि मदरसों में अन्य धर्म की शिक्षा पर प्रतिबंध के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। मदरसों में अध्ययनरत बच्चों को उनके धर्म की शिक्षा के विपरीत अन्य धर्म की शिक्षा ग्रहण करने अथवा उपासना में उपस्थित होने

को बाध्य करने वाले मदरसों के सभी शासकीय अनुदान बंद किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से दुग्ध उत्पादन, फसलों से आय बढ़ाने, जैविक फलोद्यान आदि पर योजना बनाने के निर्देश विभागों को दिए गए हैं। प्लास्टिक से मुक्ति पर केन्द्रित अभियान भी प्रदेश में संचालित होगा।

## टेलीफोन कनेक्शन

देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 95 करोड से अधिक और टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या बढकर 120 करोड़ हो गई है। सरकार ने कहा है कि वित्त वर्ष 2023–24 में देश में 7 करोड़ तीस लाख नए इंटरनेट उपभोक्ता और 7 करोड़ 70 लाख नए ब्रॉडबैंड उपभोक्ता जुड़े हैं। संचार मंत्रालय ने कहा है कि देश में टेलिफोन उपभोक्ताओं की संख्या करीब 120 करोड तक पहुंच गई है।

## मंकीपॉक्स तैयारियां

प्रदेश में मंकीपॉक्स से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि मंकीपॉक्स बीमारी का केंद्र वर्तमान में अफ्रीका के देशों में है। इस बीमारी का प्रथम प्रकरण भारत में 14 जुलाई 2022 को केरल में पाया गया था, उसके बाद 30 लेबोरेटरी कन्फर्म प्रकरण केरल एवं दिल्ली में पाये गयें। स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन अनुसार सभी संदिग्ध प्रकरणों को चिन्हांकित स्वास्थ्य सुविधाओं में अलग रखा जाएगा। उपचार करने वाले चिकित्सक द्वारा आइसोलेशन समाप्त करने का निर्णय लेने पर ही स्वास्थ्य संस्था से डिस्चार्ज करने के निर्देश हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मंकीपॉक्स को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ़ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया गया है।

## माँ नर्मदा मिशन समिति

प्रदेश में समग्र नर्मदा विकास के उद्देश्य से माँ नर्मदा मिशन के लिए समिति गठित की जाएगी। मिशन के अंतर्गत नर्मदा जी के उद्गम स्थल से लेकर गुजरात सीमा तक नगरीय निकाय और पंचायत राज संस्थाएं नर्मदा जी के प्रवाह की निरंतरता और सहायक नदियों व जल स्त्रोतों के स्वास्थ्य के लिए कार्य करेंगी। मिशन के अंतर्गत तीर्थ स्थानों व देव स्थानों के रख–रखाव और उन्नयन के साथ ही नर्मदा परिक्रमा करने वालों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। बाद में नर्मदा जी के साथ प्रदेश की अन्य नदियों को भी इस अभियान में शामिल किया जाएगा।

## स्वच्छ ट्यूलिप इंटर्नशिप प्रोग्राम

प्रदेश में स्वच्छ ट्यूलिप इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है। इस प्रोग्राम में छात्र–छात्राओं के साथ–साथ युवाओं को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम तय किया गया है। प्रशिक्षण के लिये संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा आवेदन–पत्र आमंत्रित किये गये हैं। कार्यक्रम में इच्छुक आवेदक ट्यूलिप पोर्टल पर 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। यह कार्यक्रम केन्द्र सरकार के शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पूरे देश में शुरू किया गया है। प्रदेश की शालाओं में स्वच्छता ढाँचे के विकास के लिये चाइल्ड केबिनेट नाम से गतिविधियाँ शुरू की गई हैं।

## बारिश/मौसम

प्रदेश में इंदौर, उज्जैन समेत 12 जिलों में आज तेज बारिश के आसार हैं। वहीं, लो प्रेशर एरिया के स्ट्रॉन्ग होने से 23 और 24 अगस्त को पूरे राज्य में बारिश हो सकती है। कल भी भोपाल, इंदौर समेत 14 जिलों में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, इन दोनों दिन प्रदेश के 26 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। प्रदेश में अब तक इस सीजन का 78 फीसदी पानी गिर चुका है। राज्य में मानसून को दो महीने पूरे हो चुके हैं और जुलाई में सबसे ज्यादा पानी बरसा है।

## आईसीसी महिला टी20

आईसीसी ने महिला टी20 विश्व कप के नौवें संस्करण को बांग्लादेश से संयुक्त अरब अमीरात स्थानांतरित कर दिया है, जबकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड इस आयोजन का आधिकारिक मेजबान बना रहेगा। टूर्नामेंट 3 से 20 अक्टूबर के बीच दुबई और शारजाह में खेला जाएगा। **अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- प्रदेश में जन्माष्टमी का अवकाश रहेगा, इसलिए राज्यसभा उप निर्वाचन के लिये नाम निर्देशन पत्र वापसी की प्रक्रिया अब 27 अगस्त को होगी। पहले यह प्रक्रिया 26 अगस्त को होना थी।
- प्रदेश में शैक्षणिक–सत्र 2024–25 में शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के लिये अतिथि शिक्षक आमंत्रण की कार्यवाही की जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस कार्यवाही को अब अनिवार्य रूप से आज पूरा करने के निर्देश दिये हैं।
- इंदौर जिले में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर तथा आसपास कोयले से संचालित औद्योगिक तथा अन्य व्यावसायिक इकाइयों में प्राकृतिक गैस तथा पर्यावरणीय अनुकूल ईंधन का उपयोग सुनिश्चित कराया जायेगा।
- खण्डवा में विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत के मार्गदर्शन में भगतसिंह चौक स्थित आंगनवाड़ी में एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- बैतूल जिले के चिचोली विकास खंड में मच्छरों से बचाव के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- डिण्डौरी में यातायात पुलिस द्वारा ग्राम आमाचूहा जाकर ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चियों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।
- आगरमालवा स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित हुए अक्षय ऊर्जा दिवस पर वक्ताओं ने कल ऊर्जा के परंपरागत एवं गैर परंपरागत स्रोतों के बारे में जानकारी दी।
- पन्ना में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम और व्यवस्थित व सुगम यातायात पर चर्चा की गई।
- मंडला में जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में 35 आवेदकों ने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।
- धार जिले में आयुष विभाग, स्वास्थ विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयुष मलेरिया अभियान का दूसरा चरण कल से संचालित किया जायेगा।
- पांढुर्णा के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 23 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। रोजगार मेले में 5 कंपनियां उपस्थित रहेंगी। .

.....................................

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) प्रदेश-अधिकारी पदस्थापना

राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशानिक सेवा के नौ अधिकारियों का तबादला करते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की है। आदेश के अनुसार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को उच्च शिक्षा में प्रमुख सचिव का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही उन्हें उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण विभाग का प्रमुख सचिव भी बनाया

गया है। वहीं, उद्यानकी और खाद्य प्रसंस्करण विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा श्रीमन शुक्ल को शहडोल कमिश्नर, एस कृष्ण चैतन्य को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल का मैनेजिंग डायरेक्टर, अवि प्रसाद को रोजगार गारंटी परिषद के सीईओ के पद पर पदस्थ किया गया है। ऋषि गर्ग को राज्य योजना आयोग का सदस्य सचिव बनाया गया है। वहीं, अमित राठौर को वित्त विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है।

(2) प्रदेश-मंत्री रात्रि विश्राम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रि-परिषद की बैठक में निर्देश दिए है कि मंत्रीगण अपने प्रभार के जिलों में भ्रमण के दौरान एक माह में कम से कम एक बार रात्रि विश्राम अवश्य करें। उन्होंने कहा कि कि मदरसों में अन्य धर्म की शिक्षा पर प्रतिबंध के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। मदरसों में अध्ययनरत बच्चों को उनके धर्म की शिक्षा के विपरीत अन्य धर्म की शिक्षा ग्रहण करने अथवा उपासना में उपस्थित होने को बाध्य करने वाले मदरसों के सभी शासकीय अनुदान बंद किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से दुग्ध उत्पादन, फसलों से आय बढ़ाने, जैविक फलोद्यान आदि पर योजना बनाने के निर्देश विभागों को दिए गए हैं। प्लास्टिक से मुक्ति पर केन्द्रित अभियान भी प्रदेश में संचालित होगा।

(3) प्रदेश-माँ नर्मदा मिशन समिति

प्रदेश में समग्र नर्मदा विकास के उद्देश्य से माँ नर्मदा मिशन के लिए समिति गठित की जाएगी। मिशन के अंतर्गत नर्मदा जी के उद्गम स्थल से लेकर गुजरात सीमा तक नगरीय निकाय और पंचायत राज संस्थाएं नर्मदा जी के प्रवाह की निरंतरता और सहायक नदियों व जल स्त्रोतों के स्वास्थ्य के लिए कार्य करेंगी। मिशन के अंतर्गत तीर्थ स्थानों व देव स्थानों के रख-रखाव और उन्नयन के

साथ ही नर्मदा परिक्रमा करने वालों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। बाद में नर्मदा जी के साथ प्रदेश की अन्य नदियों को भी इस अभियान में शामिल किया जाएगा।

(4) प्रदेश-मंकीपॉक्स तैयारियां

प्रदेश में मंकीपॉक्स से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि मंकीपॉक्स बीमारी का केंद्र वर्तमान में अफ्रीका के देशों में है। इस बीमारी का प्रथम प्रकरण भारत में 14 जुलाई 2022 को केरल में पाया गया था, उसके बाद 30 लेबोरेटरी कन्फर्म प्रकरण केरल एवं दिल्ली में पाये गयें। स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन अनुसार सभी संदिग्ध प्रकरणों को चिन्हांकित स्वास्थ्य सुविधाओं में अलग रखा जाएगा। उपचार करने वाले चिकित्सक द्वारा आइसोलेशन समाप्त करने का निर्णय लेने पर ही स्वास्थ्य संस्था से डिस्चार्ज करने के निर्देश हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मंकीपॉक्स को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ़ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया गया है।

(5) प्रदेश-स्वच्छ ट्यूलिप इंटर्नशिप प्रोग्राम

प्रदेश में स्वच्छ ट्यूलिप इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है। इस प्रोग्राम में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ युवाओं को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम तय किया गया है। प्रशिक्षण के लिये संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं। कार्यक्रम में इच्छुक आवेदक ट्यूलिप पोर्टल पर 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। यह कार्यक्रम केन्द्र सरकार के शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पूरे देश में शुरू किया गया है। प्रदेश की शालाओं में स्वच्छता ढाँचे के विकास के लिये चाइल्ड केबिनेट नाम से गतिविधियाँ शुरू की गई हैं।

---